RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 133 • 26:05:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## 'कहर' ढा रही गर्मी, राजस्थान में 2 दिन में 13 मौतें

**मौसम विभाग ने देश के 6 राज्यों में जारी किया लू का रेड अलर्ट**



नई दिल्ली (एजेंसी)। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है। उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान में गर्मी से 5 मौतें हुईं। राज्य में 2 दिन में यह आंकड़ा 13 हो गया है। भोपाल-हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था। उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.46 जीजी पर पहुंच गई। पावर मिनिस्ट्री के डेटा के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 जीजी बुधवार को 235.06 जीजी थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल आइम हाई 243.27 जीजी



सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है।

जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 26 मई को छुट्टी कर दी गई है। यहां शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

### गर्मी के चलते बिजली की हो गई भीषण किल्लत

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है। ललितपुर, ओबरा और ऊंचाहार की यूनिट में बिजली उत्पादन शनिवार तक शुरू होने की उम्मीद है। एमपी के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती हो रही है। दिल्ली और एनसीआर में कई इलाकों में 2 से 5 घंटे की कटौती हो सकती है। ऐसा ही हाल राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में है। पानी की सप्लाई में कटौती : मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5 फीसदी और 5 जून से 10 फीस दी कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाशयों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। बीएमसी के मुताबिक, मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में काफी कम पानी बचा है।

### बाबा रामदेव और बालकृष्ण पर अब चलेगा क्रिमिनल केस

**अदालत ने दी परमीशन**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भ्रामक विज्ञापनों को लेकर पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अब क्रिमिनल केस चलेगा। एक अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। 3 जून को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। इस केस में



रामदेव और बालकृष्ण को व्यक्तिगत रूप से पेश होने की भी संभावना है। आपको बता दें कि इससे पहले दोनों ही सुप्रीम कोर्ट की अवमानना को लेकर कार्यवाही का सामने कर रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें सशरीर पेश होने का आदेश दिया था। अप्रैल 2024 में ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दायर मामले में केरल के कोझिकोड में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले में जमकर डांटा था।

### 80 साल बाद मिला अमेरिकी पनडुब्बी का गुम हुआ मलबा

**दूसरे विश्व युद्ध में डूबी थी**

मनिला/वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका की सबसे मशहूर पनडुब्बियों में से एक यूएस हार्डर का मलबा 80 सालों बाद साउथ चाइना सी में मिला है। यह दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 29 अगस्त 1944 दुश्मनों के हमले में डूब गई थी। इस पर 79 क्रू सदस्य सवार थे, जिनकी मौत हो गई थी। पनडुब्बी का मलबा फिलिपींस के द्वीप लुजॉन से 3 हजार फीट नीचे मिला है। अमेरिका के नेवी हिस्ट्री हेरिटेज कमांड ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले के बाद 80 साल



तक डूबे रहने के बावजूद पनडुब्बी का ज्यादातर हिस्सा जुड़ा हुआ है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, डूबने से पहले अमेरिका इस सबमरीन का इस्तेमाल फिलीपींस को जापानी सेना के कब्जे से वापस लेने में कर रहा था। यह अमेरिका की वही सबमरीन थी, जिसने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सबसे ज्यादा जापानी युद्धपोतों को डुबोया था। अपने आखिरी मिशन के वक्त यूएस हार्डर ने जापान के 3 युद्धपोत डुबा दिए थे। इसके बाद अगले 4 दिन के अंदर उसने 2 अन्य वॉरशिप को तबाह कर दिया था।

### केंद्र में एक बार फिर से बन रही है मोदी की सरकार

- प्रशांत किशोर के बाद अब योगेंद्र यादव ने भी कर दी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगली सरकार किसकी बनेगी और अगला पीएम कौन होगा इसको लेकर की तरह की चर्चाएं हैं। बीजेपी खुद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है कि पीएम मोदी तीसरी बार सरकार संभालने जा रहे हैं। वही विपक्षी इंडिया गुट का दावा है कि अगली सरकार विपक्ष की बनेगी। इस बीच चुनाव विश्लेषक और किसान नेता योगेंद्र यादव ने बीजेपी की सरकार बनने की भविष्यवाणी कर विपक्ष को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी 240 से लेकर 260 सीट तक जीत सकती है। बीजेपी के सहयोगी दल 35 से 45 सीट जीत सकते हैं। इससे एनडीए की सरकार आसानी से बन जाएगी। योगेंद्र यादव ने कांग्रेस के लिए भी भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि पार्टी इस बार 100 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है। उधर, प्रशांत किशोर ने योगेंद्र यादव के विश्लेषण को सही बताते हुए एक्स पर लिखा कि केंद्र में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। मौजूदा लोकसभा में बीजेपी के पास 303 और एनडीए के पास 323 सीटें हैं।

**एलईडी बल्ब के जमाने में लालटेन ने बिहार में अंधेरा फैलाया**

## मोदी बोले-इंडी गठबंधन की योजना पांच साल में 5 प्रधानमंत्री देने की है

- इंडी गठबंधन की साजिश का कोलकाता हाईकोर्ट ने किया खुलासा

**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव के नतीजे क्या आने वाले हैं, उसका एग्जिट पोल आना शुरू हो गया है। पीएम ने कहा- आप समझ लीजिए, जब ये इंडी गठबंधन वाले हर समय ईवीएम को गाली देना शुरू कर दें, इसका मतलब है कि एनडीए की सफलता का एग्जिट पोल आ चुका है। 4 जून को पाटलिपुत्र में भी और देश में भी नया रिकॉर्ड बनेगा। पीएम ने यह भी कहा- आज छठे चरण का मतदान हो रहा है। मतदाताओं का अभूतपूर्व उत्साह और उमंग हम लगातार देख रहे हैं। मैं देश के हर मतदाता का अभिनंदन करता हूं और भारी संख्या में मतदान का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी शनिवार को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बिहटा के विक्रम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री विशेष विमान से पटना एयरपोर्ट पहुंचे। पटना एयरपोर्ट से पीएम मोदी हेलीकॉप्टर



के जरिए बिहटा के विक्रम पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा- 2024 के इस चुनाव में एक तरफ 24 घंटे आपके लिए मेहनत करने वाला मोदी है। दूसरी तरफ 24 घन्टे आपसे झूठ बोलने वाला इंडी गठबंधन है। एक तरफ मोदी है जो 24 घंटे सातों दिन तक 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने में जुटा है। वहीं दूसरी तरफ ये इंडी गठबंधन है, जिसके पास कोई काम नहीं है, देशवासियों ने इनकी छुट्टी कर दी है।

### पोर्श दुर्घटना मामले में बड़ा ऐक्शन, 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर कार्रवाई, दादा भी हुए गिरफ्तार**

पुणे (एजेंसी)। पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को बड़ा ऐक्शन लिया गया। आरोपी किशोर को जिस पुलिस स्टेशन में लेकर जाया गया था, वहां के 2 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने के कारण यह कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों वही पुलिसकर्मी हैं जो घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि इन्होंने मामले की सूचना अपने सीनियर्स को नहीं दी। साथ ही, कंट्रोल रूम तक इसकी जानकारी नहीं पहुंचाई गई थी। इस बीच, पुणे की अदालत ने पोर्श दुर्घटना मामले में 17 वर्षीय आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल समेत 6 लोगों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## गेमिंग जोन में भीषण आग, 22 की मौत

**टीआरपी मॉल में हुआ अग्निकांड, मुख्यमंत्री ने घटना पर लिया संज्ञान**



अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है। भीषण गर्मी के बीच राजकोट के टीआरपी मॉल में आग लग गई है। इसमें 22 की मौत हो गई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अग्निकांड में झुलसे लोगों को राजकोट सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग इतनी विकराल थी कि एक किलोमीटर दूर तक इसका धुआं देखा गया। जानकारी के अनुसार आग मॉल के गेम जोन में लगी। सूचना पर पहुंची दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि मॉल में आग कहां से लगी। पुलिस के अनुसार सयाजी होटल के पास स्थित टीआरपी मॉल में अचानक आग लगने की घटना सामने आई थी। सूचना में तमाम एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंची थीं। मॉल में जब आग लगी उस वक्त पर गेम जोन में काफी बच्चे मौजूद थे। राजकोट में आग की इस घटना ने सूरत के तक्षशिला अग्निकांड की काली यादों को ताजा कर दिया है। इसमें 22 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। गर्मियों में लोग बच्चों के साथ गेमिंग जोन में गए हुए थे।

### सीएम ने लिया घटना पर संज्ञान

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन की आग पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि राजकोट में गेम जोन में लगी आग की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने राजकोट के कलेक्टर से फोन पर बात करके अग्निकांड की स्थिति की जानकारी ली है। इतना ही नहीं सीएम ने इस घटना की जांच एसआईटी से कराने का फैसला लिया है।

### भाजपा हर जगह हार रही, तो कैसे आएंगी उसकी 400 से ज्यादा सीटें

- जमकर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे, कहा-भाजपा स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हैरानी जताई कि जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे 400 से ज्यादा सीट जीतने का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। खरगे ने अपने गृहनगर कलबुर्गी में कहा कि जनता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को अच्छा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता और पीएम मोदी के बीच है, क्योंकि लोग अब परेशान हो चुके हैं, खासकर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला किया जा रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीजेपी स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर सरकार चला रही है, जिस कारण जनता उससे खासी नाराज है और विपक्षी गठबंधन इंडिया को समर्थन दे रही है इसलिए गठबंधन के पास अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है।



### कांस में पहली बार भारतीय को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

**सेक्स वर्कर्स की कहानी**

**कांस (एजेंसी)।** 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनसुइया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। अनसुइया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनके परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। अनसुइया ने यह



अवॉर्ड दुनियाभर में समलैंगिक समुदाय और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को समर्पित किया है। एक्ट्रेस ने स्टेज पर कहा कि ये सभी समुदाय बहादुरी से एक ऐसी लड़ाई लड़ रहे हैं जो उन्हें नहीं लड़नी चाहिए। उन्हें समाज में बराबरी का हक पाने के लिए लड़ना पड़ रहा है।' 'द शेमलेस' का निर्देशन बुल्गारियन फिल्ममेकर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने किया है। इसकी कहानी दो सेक्स वर्कर्स के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनमें से एक के हाथों एक पुलिस वाले का खून हो जाता है।

## झारखंड-बंगाल में बम-बम, यूपी-बिहार में नहीं दिखा दम

**● 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग संपन्न, आखिरी चरण 1 जून को ● धोनी ने रांची में वोट डाला, प्रियंका बच्चों के साथ वोट डालने पहुंची**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के छठे फेज में 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम तक 60 फीसदी से ऊपर वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 79 फीसदी और सबसे कम यूपी में लगभग 60 फीसदी मतदान हुआ है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्ट किया है। उन्होंने बांकुड़ा जिले रघुनाथपुर में 5 ईवीएम पर भाजपा का टैग लगे होने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडीडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ बीजेपी एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प



में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40 सीटें मिली थीं।



**कोई भैंस तो कोई नाव पर सवार होकर पहुंचा बूथ**

बिहार में छठे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। शनिवार को सीवान, महाराजगंज, पूर्वी-पश्चिमी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज और वाल्मीकि नगर में वोटिंग हुई है। सुबह सात बजे से लोग लाइन में खड़े वोट दे रहे थे। इस दौरान बूथों से कई तस्वीरें सामने आईं हैं। कई बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार लगी है। कहीं नाव, भैंस, ट्रैक्टर पर बैठकर लोग वोटिंग सेंटर पहुंच रहे थे। फर्स्ट वोटर्स में भी खास उत्साह दिख रहा है। युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाता अपने मत का प्रयोग कर रहे थे।

### सुरक्षाकर्मियों के बीच वोटिंग बूथ पहुंचीं नूपुर शर्मा

सोचिए, बीजेपी की नेता रहीं नूपुर शर्मा का दिखना भी खबर है। आज नूपुर शर्मा दिखीं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज दिल्ली में भी मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने का दायित्व निभाने नूपुर शर्मा भी घर से निकलीं और मतदान केंद्र तक पहुंचीं। इस दौरान उनके इर्द-गिर्द सुरक्षा का कड़ा घेरा था। हाथों में घातक हथियार लिए सुरक्षा कर्मी उन्हें चारों ओर से घेरकर चल रहे थे। पांच विशेष सुरक्षाकर्मियों के अलावा एक पुलिस वाला भी साथ दिखा। सुरक्षाकर्मियों में एक महिला भी थी। इनसबके बीच घिरीं नुपूर शर्मा को जब कैमरे ने कैच किया तो वो मुस्कुरा उठीं। वो कैमरे के सामने रुककर तस्वीरें तो नहीं खिंचवाईं, लेकिन चलते-चलते ही वोट वाली अपनी उंगली जरूर दिखाई। तब से नूपुर शर्मा बहुत लंबे वक्त तक गुमशुदा सी रहीं। फिर एक कार्यक्रम में उन्हें देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में शख्स के ऊपर से गुजर गई पूरी ट्रेन, ट्रैक पर पेट के बल लेटा था, तभी आ गई वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस

**पटना।** पटना जंक्शन पर शुक्रवार को एक व्यक्ति के ऊपर से पूरी ट्रेन गुजर गई, लेकिन उसे खरोंच तक नहीं आई। दरअसल, 12741 वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस करीब 11 बजे पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची थी। यात्रियों के उतरने के बाद यह ट्रेन यार्ड में जा रही थी। इसके पहले ही एक व्यक्ति ट्रैक पर जाकर पेट के बल लेट गया। उसके पास गमछा था। सिर को उठाए और बदन को सिकुड़ा कर वह लेटा रहा। वहां मौजूद यात्री उसे बार-बार कह रहे थे-किसी हाल में नहीं उठना है। जिस तरह से लेटे हो, उसी तरह से रहना। मौत के मुंह में समाने का डर भी उसे सता रहा था। वह हल्का सिर उठाकर ट्रेन की हर बोगी को देख रहा था। जब ट्रेन गुजर गई तो लोगों ने उसे ट्रैक से प्लेटफॉर्म पर लाया। वह मानसिक बीमार है। शख्स बाहर निकला तो लोगों ने उससे नाम पूछा वो अपना नाम भी नहीं बता पा रहा था। बाद में इसकी सूचना रेल प्रशासन को दी गई। इसी बीच वह पटना जंक्शन से चला गया। पटना जंक्शन जीआरपी थानेदार पंकज कुमार को इस घटना की भनक तक नहीं लगी। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। जीआरपी के किसी पुलिसकर्मी ने यह सूचना नहीं दी। हालांकि दानापुर रेल मंडल के सीनियर कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह बात सही है कि उस मानसिक बीमार व्यक्ति के ऊपर से यार्ड में जाते समय वास्कोडीगामा एक्सप्रेस गुजर गई। वह व्यक्ति खुद ही ट्रैक पर जाकर लेट गया था। उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### पुनपुन के डुमरी पंचायत में बिजली विभाग की लापरवाही, हादसे को न्योता दे रहा 11 हजार वोल्ट का झूलता तार

**पटना।** पटना के पुनपुन में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। डुमरी पंचायत स्थित रेलवे लाइन के पश्चिम अंडरपास के नजदीक 11 हजार वोल्ट के झुके तार हादसे को न्योता दे रहे हैं। डर से पंचायत के सैकड़ों लोगों ने इस रास्ता से आना-जाना छोड़ दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। किसान सुरेश सिंह का कहना है कि एक ओर सरकार किसानों के लिए योजना ला रही है। दूसरी ओर बिजली विभाग करंट से झुलसाकर मारने को तैयार है। इसकी शिकायत जेई से लेकर विभाग के कई अधिकारियों को किया गया। एक साल के बाद भी कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं है। समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां तक कि अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। वहीं, जब भास्कर की टीम ने ग्रामीणों की समस्या को लेकर जेई को कॉल किया, तो कोई रिस्पांस नहीं मिला। एक घंटे बाद दोबारा कॉल करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया। अब सवाल यह है कि विभाग की ओर से लोगों को सुविधा क्यों नहीं मुहैया कराई जा रही है। इस तरह की लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदावर है। अगर कल के दिन कोई घटना होती है तो इसका जवाब कौन देगा।

### पटना जू में मनाया गया बाघों का बर्थडे, 2 साल के हुए विक्रम, रानी और केसरी, बाघों के केज को फूलों से सजाया

**पटना।** पटना जू यानी संजय गांधी जैविक उद्यान में आज तीन बाघों का जन्मदिन मनाया गया। बाघिन संगीता के तीन बच्चे विक्रम, रानी और केसरी 2 साल के हो गए हैं। 25 मई 2022 को इनका जन्म हुआ था। इधर, उनके जन्मदिन पर पर खास तैयारी की गई थी। बाघों के केज को फूलों से सजाया गया था। साथ ही केक भी काटा गया। खास ऑर्डर देकर केक को डिजाइन करवाया गया था। केक पर तीनों बाघों की चित्र थी।पटना जू के रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने कहा कि



आज से 2 साल पहले इन बाघों का जन्म हुआ था। दो सालों में जू प्रशासन की ओर से उनकी काफी सेवा की गई है। अब यह बाघ शावक से वयस्क हो चुके हैं। इनसे हमारी भी भावना जुड़ चुकी है। इनके जन्मदिन मनाने का एक ही उपलक्ष्य है कि हमारे कर्मचारियों और पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन होता रहे।इसके साथ ही यह मैसेज भी जाता है कि किसी भी जानवर का पालन पोषण करना कितना कठिन होता है। किसी भी जू में जानवर के बच्चे के जन्म लेने से लेकर उनके बड़े होने तक जो मेहनत और व्यवस्था की जाती है, उसी का परिणाम होता है कि ये जानवर आज अच्छे से और स्वस्थ रह रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जन्मदिन के अवसर पर उनका मनपसंद भोजन दिया जाएगा। हर रोज ये बाघ लगभग 7 किलो मांस खाते हैं।दो साल पहले बाघिन संगीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। जिसमें से एक शावक मगध की जन्म के कुछ महीने बाद ही इंफेक्शन से मौत हो गई थी। विक्रम की पिछले साल तबीयत खराब हो गई थी। कुछ दिन अस्पताल में रहने के बाद मां संगीता के केज में फिर से छोड़ा गया था, लेकिन विक्रम को मां ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद से बेटा विक्रम मां से अलग रह रहा है। वहीं, रानी और केसरी एक ही केज में रहते हैं।

### पटना वीमेंस कॉलेज एडमिशन 2024-2025, मार्क्स अपडेट करने का आज आखिरी दिन

**पटना।** पटना विमेंस कॉलेज (PWC) में नए सत्र 2024-2025 में एडमिशन की प्रक्रिया चालू है। इच्छुक छात्राएं कॉलेज में यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा में एडमिशन के लिए फॉर्म भर चुकी हैं। कॉलेज ने एडमिशन लेने वाली छात्राओं को अपने आखिरी परीक्षा के अंकों को कॉलेज की पोर्टल पर अपडेट करने को कहा है। आज मार्क्स अपडेट करने की आखिरी तारीख है। कॉलेज ने नोटिस जारी करते हुए कहा था कि वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने यूजी/पीजी/पीजी डिप्लोमा/एमसीए के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पटना विमेंस कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कॉलेज की वेबसाइट/पोर्टल पर अंतिम योग्यता परीक्षा के अपने अंक अपडेट करें। कॉलेज की ओर से एडमिशन की तारीख 3 जून को घोषित की जाएगी। यूजी में एडमिशन लेने वाली CBSE/NIOS/BSEB बोर्ड की छात्राओं को 12वीं कक्षा के बेस्ट पांच विषय के मार्क्स अपडेट करने होंगे। वहीं, ICSE वालों को 12वीं कक्षा के बेस्ट चार विषय के मार्क्स और अन्य बोर्ड वालों को 12वीं कक्षा के सारे विषय के मार्क्स अपडेट करने होंगे। इसके आलावा पीजी/पीजी डिप्लोमा/एमसीए में एडमिशन लेने वाली छात्राओं को अपने ऑनर्स के मार्क्स अपडेट करने होंगे।

### वोटिंग के बीच बीजेपी ने चुनाव आयोग से की शिकायत, चनपटिया के बूथ संख्या 199, 200 पर मारपीट

**पटना।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत वोटिंग के बीच बीजेपी की ओर से निर्वाचन आयोग से शिकायत की गई। भाजपा न्यायिक मामले के वॉर रूम से आयोग के पास से शिकायतें भेजी गई है। बीजेपी ने पश्चिम चंपारण निर्वाचन क्षेत्र के चनपटिया विधानसभा के बूथ संख्या 199 और 200 मतदान केंद्र पर मारपीट की शिकायत की है। आरोप है कि मतदान केंद्र से 200 मीटर के बाहर टेंट और 25 कुर्सियां लगाई गई थी। जिसे प्रशासन ने उखाड़ फेंका है। कुर्सी तोड़ दिया गया। बेतिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 227 पर असामाजिक तत्वों द्वारा वोटरों को मतदान केंद्र पर जाने से रोकने की भी बात सामने आई है। इसके अलावा नौतन विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 274 पर पीठासीन पदाधिकारी द्वारा पोलिंग एजेंट को परेशान करने का भी आरोप लगाया है। दरअसल, बीजेपी के वॉर रूम में अधिवक्ताओं की एक टीम काम कर रही है। जिनमें प्रियंका राजलक्ष्मी, राम अनुराग सिंह, अरविंद कुमार मंटू, राम तुजभ सिंह, सतेंद्र झा, रामनुज तिवारी, मनोज कुमार सिंह, रविन्द्र राय, संतोष कुमार वर्मा और संजय गुप्ता के शामिल हैं।

### मझौलिया मतदान केंद्रों पर तैनात रही "आशा" कार्यकर्ता

**चाणक्य भूमि (मझौलिया) मझौलिया।** प्रखण्ड के 120 मतदान केंद्रों पर आशा कार्यकर्ता तैनात रहीं।स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आशा कार्यकर्ता ससमय उपस्थित होकर ओआरएस का घोल मतदाताओं को पिलाती रही।प्रशासन के द्वारा सामियाना का व्यवस्था नही होने से प्रचंड गर्मी में लोग तपते रहे।

# दानापुर में बिजली पोल के डीपी बॉक्स में लगी आग

## कोर्ट परिसर में मचा अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर के सिविल कोर्ट परिसर में तेज धमाके के बाद बिजली के पोल पर लगे डीपी बॉक्स में आग लग गई। आग लगते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। डीपी बॉक्स में लगे तार धू-धूकर जलने लगे। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

**जल्द कंट्रोल नहीं होता बहुत बड़ी क्षति हो सकती थी:** अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने बताया कि आग लगने के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। फायर ब्रिगेड की टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यदि जल्द कंट्रोल नहीं होता बहुत बड़ी क्षति होती।

**शॉर्ट सर्किट से पहले तेज धमाका हुआ:** प्रत्यक्षदर्शी चाय




दुकानदार अजय कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से पहले तेज धमाका हुआ। उसके कुछ देर बाद एक बार फिर तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिसके बाद हमलोगों ने पोल पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। जिससे कुछ हद तक आग पर काबू पा लिया गया था।

**बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप:** वहीं, पूर्व अधिवक्ता महासचिव अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पटना सिविल कोर्ट में हुए हादसे के बाद भी बिजली विभाग नहीं जागी है। हादसे के दूसरे दिन बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिया था। ट्रांसफॉर्मर को हटाकर परिसर के खाली पड़े जमीन पर लगाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक बिजली विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया है।

**दो बाइक और एक साइकिल मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है:** कोर्ट परिसर में आए दिन पोल और ट्रांसफॉर्मर से तेज धमाके की आवाज सुनाई देता रहता है। आज तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिसमें दो बाइक और एक साइकिल मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली विभाग ना परिसर में लगे पेड़ कटवा रही है और ना ही खाली पड़े जमीन में ट्रांसफॉर्मर लगा रही है। ऐसा लगता है कि विभाग पटना सिविल कोर्ट जैसी हादसे का इंतजार कर रही है।

# उज्बेकिस्तान से वोट देने पटना पहुंचा छात्र

**एजेंसी, पटना।**



♦ MBBS की कर रहा पढ़ाई, मजबूत सरकार की बताई अहमियत

उज्बेकिस्तान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र शुभम कुमार मिश्रा वोट देने अपने गांव मनेर पहुंचा है। चुनाव आयोग का टैगलाइन 'मतदान का पर्व- देश का गर्व' को सुनाते हुए शुभम ने कहा कि देश में मजबूत सरकार की अहमियत क्या होती है, इसे हमने विदेश में रहकर समझा है।। पिछले दिनों रूस और यूक्रेन में छिड़े युद्ध के बीच वतन वापसी के लिए भारतीय छात्र तिरंगे के साथ जब सड़क पर निकले तो उन्हें भारत में मजबूत सरकार की अहमियत का पता चला। भारतीय तिरंगे देखकर दोनों देशों के सैनिकों ने हम लोगों को सुरक्षा दिया था।

**यूक्रेन से ट्रांसफर लेकर अब उज्बेकिस्तान में कर रहे पढ़ाई:** मनेर बरैया टोला निवासी राजेश मिश्रा के पुत्र शुभम कहते हैं कि हम यूक्रेन के खारकीव शहर में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गए थे। वर्ष 2022 में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध शुरू हो गया। यूक्रेन में रह रहे सभी विदेशी छात्र भयभीत थे और डर गए थे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस वक्त देश के लोगों को भरोसा दिया कि भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। हम उन्हें सकुशल वापस भारत लाएंगे। अप्रैल 22 के पहले सप्ताह हम सकुशल वतन वापस लौट आए। यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच भारतीय छात्र यूक्रेन से ट्रांसफर लेकर अब उज्बेकिस्तान में पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। शुभम कहते हैं कि मोदी जी ने विदेशों में भी देश का सम्मान बढ़ाया है। मुश्किल घड़ी में उन्होंने जो मदद की है, उस कर्ज को उतारना है। पाटलिपुत्र में एक जून को मतदान है। एक-एक वोट का महत्व है, इसलिए मैं उज्बेकिस्तान से वोट देने अपने गांव मनेर आया हूं।

# आरके सिन्हा ने एनडीए की जीत का किया दावा

**एजेंसी, पटना।**

बीजेपी के सीनियर नेता और पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने एनडीए की जीत का दावा किया है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत पक्की है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मौजूदा सरकार ने इतना काम किया है कि सोचने की जरूरत नहीं है। 4 जून को विपक्ष के नेता खासकर तेजस्वी यादव को भी पता चल जाएगा।

**पीएम नरेंद्र मोदी बिहार के लोगों से प्रेम करते हैं:** उन्होंने आगे कहा कि छठे चरण में बहुत अच्छा मतदान हो रहा है। हर वर्ग के लोग चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। महिला, बुजुर्ग और युवा सभी के बीच मोदी जी के प्रति आस्था है। फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी बिहार के लोगों से प्रेम करते हैं। पीएम ने पूरे



देश में 350 रैली की है। बाकी लोगों की क्षमता नहीं है। जनता के बीच जिनको जाना अच्छा लगता है, वो जनता के पास जाएंगे ही।

**विपक्ष के मुंह पर जनता ताला लगाएगी:** वहीं, तेजस्वी यादव के गाने पर कहा कि अब तो कुछ ही दिन बचा है। 4 तारीख को नौ दो ग्यारह कौन होगा, यह पता चल जाएगा? विपक्ष को कहने दीजिए, उनके मुंह पर जनता ताला लगाएगी। उनलोगों के कहने का कोई मतलब नहीं है। जनता जो कहती है उसी का मतलब है। जनता जिसको प्यार करेगी, उसी को वोट देगी और उसी को जिताएगी।

## पटना में वोटरों के लिए खास ऑफर

# वोटिंग के दिन होटल में 50 प्रतिशत तक मिलेगा डिस्काउंट, मूवी टिकट पर भी छूट

**एजेंसी, पटना।**

पटना में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में आगामी 1 जून को वोटिंग होगी। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन, चुनाव आयोग, सामाजिक संगठन के अलावा होटल मालिक भी आगे आ रहे हैं। वोटिंग वाले दिन मूवी, जिम, रेस्टोरेंट समेत बेकरी शॉप पर भी विशेष छूट दी जाएगी। जिला प्रशासन की पहल पर लग्जरी होटल ब्लिस ने भी 25 से 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट देने का फैसला लिया है। होटल के डायरेक्टर शिवम करण ने बताया कि 1 और 2 जून को छूट दी जाएगी। वोट डालने के बाद अपनी उंगली पर लगी स्याही



को दिखाना होगा। वोटरों को सुबह 7 बजे से रात्रि के 11 बजे तक सेवा दी जाएगी। होटल में स्टे पर 25 प्रतिशत, नाश्त पर 30 और रात के भोजन पर 50 प्रतिशत की छूट है।

**1 जून को वोटर्स के लिए खास ऑफर:** बता दें, पटना में वोटिंग वाले दिन मूवी, जिम, रेस्टोरेंट समेत बेकरी शॉप पर विशेष ऑफर है। वोटरों को मूवी टिकटों पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। कोई भी मतदाता वोट डालने के बाद अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाएंगे तो उन्हें टिकटों पर 50% की छूट मिलेगी। आशियाना-दीघा रोड रूकनपुरा स्थित आउटलेट 'बिरयानी बाय बिहारिज' की ओर से 1 से 5 जून तक खरीद पर 15% की छूट दी जाएगी।

**रैपिडो मतदाताओं को फ्री सेवा देगा:** इसके साथ ही 1 जून को मतदान करने के लिए बूथ पर जाने में कोई परेशानी ना हो, इसके लिए रैपिडो मतदाताओं को फ्री सेवा देगा। घर से पोलिंग बूथ तक जाने और फिर वापस घर आने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है। रैपिडो ऐप का प्रयोग कर मतदाता फ्री परिवहन सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

# बालू कारोबारी की गोली मारकर हत्या, अपराधी हथियार लहराते हुए फरार

**एजेंसी, पटना।**

पटना के पालीगंज अनुमंडल में अपराधी लगातार हत्या की घटना को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला बीती देर रात की है जब अपराधियों ने बालू कारोबारी की हत्या गोली मारकर कर दी। हत्या की घटना से इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर सभी मामलों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार घटना सिगोड़ी और खिड़ी मोड़ थाना के बॉर्डर की है। मृतक की पहचान खिड़ी मोड़ थाना क्षेत्र के बहेरिया नीरखपुर निवासी गणेश यादव के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि वह घर से बाइक पर निकला था। इस बीच सिगोडी थाना क्षेत्र के पतौना गांव के आगे सुबाउ टोला नाहर के खेत में पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही पालीगंज अनुमंडल के डीएसपी ने सिगोड़ी और खिड़ी मोड़ थाने की पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। हत्या की पुष्टि करते हुए डीएसपी



डीएसपी ने कहा-जल्द होगी गिरफ्तारी

प्रीतम कुमार ने कहा कि गणेश यादव नामक व्यक्ति की मौत हुई है। जांच में पता चला है कि वह रात में साथियों के साथ चिकन खा रहा था। इस दौरान आपसी विवाद में गोली चली और हत्या कर दी गई। मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके ऊपर कई मामले दर्ज है। जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ कर मामले का खुलासा किया जाएगा। बता दे कि कुछ दिन पहले ईट भट्ठा मालिक की भी हत्या हुई थी। इसके अलावा बीते माह पूर्व थाने के पास ही बालू कारोबारी की हत्या कर दी गई थी।

### घर से बाहर बुलाकर छात्र पर चलाई गोली, तीन बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**पटना।** पटना में शुक्रवार की रात करीब 1 बजे एक छात्र पर फायरिंग हुई थी। छात्र को पहले घर से बाहर बुलाया फिर वारदात को अंजाम दिया गया। गनीमत रही कि छात्र को बुलेट छूती हुई निकल गई। पीड़ित की पहचान विपिन भारद्वाज के रूप में हुई है। मामले की सूचना शास्त्री नगर थाने की पुलिस को दी गई।

जिसके बाद बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। मामला शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के शिवपुरी की है। पीड़ित छात्र मूल रूप से जहानाबाद का रहने वाला है। शिवपुरी में रहकर पढ़ाई करता है। बताया जाता है कि वह अपने घर से किसी के बुलाने पर बाहर निकला। जिसके बाद तीन की संख्या में आए बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। छात्र ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। डीएसपी ने बताया कि यह घटना आपसी विवाद में हुई है।

# पटना सिटी में गंगा में डूबने से छात्र की मौत

**एजेंसी, पटना।**



लोहरवा घाट पर गंगाजल के लिए पहुंचा था, पैर फिसलने से हुआ हादसा

पटना सिटी में आलमगंज थाना क्षेत्र के लोहरवा घाट पर डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक अभिमन्यु कुमार उर्फ चीनू(14) आठवीं क्लास का छात्र था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया।

**लोहरवा घाट पर गंगाजल लाने के लिए पहुंचा था:** जानकारी के मुताबिक अभिमन्यु शनिवार को अपने घर से लोहरवा घाट पर गंगाजल लाने के लिए पहुंचा था। इस दौरान पैर फिसलने से वो गहरे पानी चला गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने की काफी की, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण उसका कुछ पता नहीं चला।

**डॉक्टरों ने मृत घोषित किया:** स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आलमगंज थाना प्रभारी ने बच्चे की मौत की पुष्टि की है।

# PMCH में 65 वर्षीय वृद्धा के दोनों कूल्हा प्रत्यारोपण हुआ

**एजेंसी, पटना।**

चार दिन के अंतराल में 65 वर्षीय वृद्धा के दोनों कूल्हे का मुश्किल ऑपरेशन पीएमसीएच के स्पाइन और ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. (प्रो.)महेश प्रसाद ने सफलता पूर्वक किया। बोधगया की रहने वाली वृद्धा मुन्नी देवी को कमर में दर्द की शिकायत थी। वह ठीक से चल-फिर नहीं पाती थीं। बैठने में भी दिक्कत होती थी। गठिया रोग से ग्रसित इस वृद्धा का चार साल पहले घुटनों का प्रत्यारोपण हुआ था। अब नई तकलीफ ने उनकी मुसीबत बढ़ा दी थी। इस तकलीफ को लेकर वह पीएमसीएच के स्पाइन और ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेश प्रसाद के पास पहुंचीं। जांच में पता चला कि उनका दोनों कूल्हा खराब हो चुका है। कूल्हा इतना खराब हो चुका था कि उनकी मांसपेशियां कमजोर होने लगी थीं। डॉ. प्रसाद ने उन्हें दोनों कूल्हा बदलने की सलाह दी। हालांकि यह इतना आसान काम नहीं था क्योंकि एक तो मरीज की उम्र ज्यादा थी, उसके बाद कूल्हा काफी ज्यादा खराब हो गया था। इसके अलावा एकसाथ दोनों कूल्हा बदलना भी बहुत मुश्किल काम होता है। लेकिन डॉ. प्रसाद ने आस्थालोक हॉस्पिटल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं के साथ उनके कूल्हे के प्रत्यारोण के लिए ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन में ढाई घंटे का समय लगा। चार दिन के अंतराल में उनके दूसरे कूल्हे का भी प्रत्यारोण किया गया और यह बिल्कुल सफल रहा। ऑपरेशन के बाद मरीज को छुट्टी दे दी गयी। डॉ. महेश प्रसाद का कहना है कि मरीज बहुत तेजी से रिकवर कर रही हैं।

# BCA जून में करेगा महिला घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन


## 26 मई से पटना में होंगे ट्रायल, खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे तक करना होगा रिपोर्ट

**एजेंसी, पटना।**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) की ओर से जून 2024 में सभी श्रेणियों (सीनियर, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-15) में महिलाओं के लिए घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर देने के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

**26 मई से पटना में होंगे ट्रायल:** 26 मई से पटना में महिला खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल होगा। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ सभी आयु समूहों के लिए चयन ट्रायल में बीसीए से संबद्ध 38 जिला इकाइयों द्वारा अनुशंसित खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।टूर्नामेंट का मुख्य लक्ष्य महिला खिलाड़ियों को आगामी बीसीसीआई घरेलू सत्र (2024-2025) के लिए फिट बनाना है।

**प्रतिभाओं की एक मजबूत पाइप लाइन तैयार करना लक्ष्य:** बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हम इस घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम



के रूप में काम करेगा। प्रतिस्पर्धी अवसर और संपूर्ण चयन ट्रायल प्रदान करके हमारा लक्ष्य एक मजबूत टीम बनाना है। हमारा लक्ष्य प्रतिभाओं की एक मजबूत पाइप लाइन तैयार करना है, जो बीसीसीआई के आगामी घरेलू सत्र और उसके बाद भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।

**मार्च 2024 में हुई थी महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना:** मार्च 2024 में बीसीए ने महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना की थी। राज्य में महिला क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया था। समिति का प्राथमिक उद्देश्य खेल में युवा महिला क्रिकेटरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सपोर्ट करना है। महिला घरेलू टूर्नामेंट बिहार में महिला क्रिकेट को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और बहुमूल्य मैच अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

**सभी खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे तक करना होगा रिपोर्ट:** टूर्नामेंट की तैयारी के लिए बीसीए 26 मई 2024 से पटना में सभी श्रेणियों की महिला खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा। सभी खिलाड़ियों को शाखा ग्राउंड, राजेंद्र नगर परिसर में सुबह 9 बजे तक रिपोर्ट करना होगा। ट्रायल केवल पटना में ही आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न जिलों के खिलाड़ी बताए गए कार्यक्रम के अनुसार ट्रायल में भाग ले सकते हैं। निम्नलिखित जिलों के खिलाड़ियों को निर्धारित तिथियों पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

## भीषण गर्मी में झुलसी मूंग की फसल



**गोराडीह, एजेंसी।** एक फिर से मौसम का पारा चढ़ने और भीषण गर्मी से मूंग के फसल को काफी क्षति हो रही है। जिससे गोराडीह प्रखंड के किसानों में मायूसी छा गई है। हालांकि पांच दिन पहले हुई बारिश से किसानों में कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन एक बार फिर से पारा चढ़ने से फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। गोराडीह प्रखंड क्षेत्र के काफी संख्या में किसानों मूंग की फसल लगायी है। सालपुर के किसान आनंद यादव, कासिमपुर के अजय सिंह, मोहनपुर के अरूण यादव ने बताया कि हमलोगों ने कई बीघे जमीन में मूंग की फसल लगायी है, लेकिन पानी के अभाव में पौधा मुरझाने लगा है। भाड़े पर बोरिंग से पानी देने पर दो दिन में ही मिट्टी सूख जाती है। धूप इतना कड़क होता है कि मूंग का पौधा झुलस कर मुरझा जाता है। यही हाल रहा तो सारा फसल नष्ट हो जाएगा।

## कजरैली में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाली गई शोभायात्रा



**भागलपुर/कजरैली, एजेंसी।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन लक्ष्मिनिया पुल के पास किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को लेकर शुक्रवार को कथा स्थल से कलश शोभायात्रा निकाली गई। आयोजक मंडली के सदस्यों तथा सैकड़ों की संख्या मे महिलाओं, युवतियों ने महारानी स्थान पर कलश में गंगा जल भरकर शोभायात्रा निकाली। कलशयात्रा को कजरैली बाजार, रहमानीगंज होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। शुक्रवार देर शाम से मंदरांचल से पधारे सत्यप्रकाश जी के मुखारविंद से भागवत कथा का प्रवचन का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम की जानकारी आयोजक मंडली के टुनटुन यादव ने दी है।

## पीरपैंती में श्रीमद भागवत कथा को ले निकाली गई कलश यात्रा



**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के सलेमपुर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में आयोजित श्रीमद् भागवतकथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शुक्रवार को धूम धाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। खासकर महिलाएं एवं नव युवतियां माथे पर कलश धारण किए हुए थीं। यात्रा कथा स्थल से निकल फौजदारी, हाजीपुर, होते हुए शाहाबाद से पुनः कथास्थल वापस लौटी जहां कलश स्थापित किया गया।जबकि यात्रा में प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, रामभुषण उर्फ उड़िया बाबा, प्रिंस मंडल, भूलन दुबे, सुरेंद्र ओझा, पीरपैंती थाना के एसआई बबलु कुमार, पप्पू साह, इंद्रदेव मंडल, शुभम्, छोटू मंडल, उमेश यादव, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### बिहार में सुरक्षा कर्मी पर सियासत, रोहिणी ने पूछा-

# नीतीश के मंत्री की बेटी शांभवी और दामाद को किस आधार पर मिले बॉडीगार्ड

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सुरक्षा कर्मी पर सियासत शुरू हो गई है. रोहिणी आचार्य पर राबड़ी देवी की सुरक्षा कर्मी को साथ ले जाने का आरोप लगा था. इस मामले में राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया. रोहिणी आचार्य के साथ राबड़ी देवी का जो सुरक्षा कर्मी साथ गया था उसे निलंबित कर दिया गया. इसी बीच रोहिणी आचार्य ने सुरक्षाकर्मी के बहाने बिहार सरकार पर निशाना साधा है.



## रोहिणी आचार्य ने पूछा सवाल

आज रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो फोटो पोस्ट किया है. रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से सवाल पूछा है कि, किस हैसियत से बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और दामाद सरकारी सुरक्षा कर्मी का उपयोग कर रहे हैं। नीतीश कुमार जी के चहेते मंत्री जी की बेटी ङ्क दामाद को किन प्रावधानों के तहत सुरक्षा की विशेष-सुविधा मुहैय्या हैमंत्री जी की बेटी व् दामाद की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी-अंगरक्षक किसके हैंक्या मंत्री जी की बेटी व् दामाद सुरक्षा-बंदोबस्त की किसी विशेष-कैटगरी में आते हैं

## राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड नौकरी से निलंबित

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आरोप पर पटना एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया था. टीम ने राबड़ी आवास पहुंचकर जांच की और विभागीय कार्रवाई की. सारण एसपी की रिपोर्ट के आधार पर पटना एसएसपी ने मामले की जांच शुरू की. जिसके बाद पुलिस की स्ढ्ढञ्ज की टीम राबड़ी आवास के बैरक तक पहुंची.

## क्या था मामला

दरअसल, वोटिंग के दिन रोहिणी आचार्य के साथ राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड सारण में घूम रहा था. इसको लेकर भाजपा ने सवाल खड़े किए थे कि किस आधार पर रोहिणी आचार्य राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड को लेकर घूम रही हैं. सरकार ने इस मामले में स्ढ्ढञ्ज का गठन किया था. पुलिस अधीक्षक ने उस अंगरक्षक बॉडीगार्ड जितेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया.

## क्या लिखा है रोहिणी ने

रोहिणी आचार्य ने लिखा है कि,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चहते मंत्री जी के बेटी-दामाद को किस प्रावधान के तहत विशेष सुरक्षा मुहैया है मंत्री जी की बेटी और दामाद की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी एवं अंगरक्षक किनके हैं क्या मंत्री जी की बेटी और दामाद की सुरक्षा बंदोबस्त किसी विशेष कैटेगरी में आती है

# जलजमाव की सूचना पर तत्काल पहुंचेंगे क्यूआरटी के कर्मचारी

**दरभंगा/लहेरियासराय, एजेंसी।** शहर में अब कहीं भी जलजमाव की समस्या होने पर नगर निगम के सफाई कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेंगे। यह निर्णय नगर निगम सभागार में शुक्रवार को स्वच्छता को लेकर आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक नगर आयुक्त कुमार गौरव के आदेश पर बुलायी गयी थी। सिटी मैनेजर रवि अमरनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में मानसून पूर्व नाला उड़ाही व सफाई सहित शहरी क्षेत्र में सफाई को लेकर विशेष चर्चा की गई।

साथ ही सफाई कार्य को लेकर कई अहम योजनाएं भी बनाई गई। सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकार के दोनों अधिकारियों की एक जांच टीम बनायी गयी। इसमें एक अधिकारी वार्ड एक से 24 तक और दूसरे अधिकारी वार्ड 25 से 48 तक हुई नाला उड़ाही की जांच करेंगे। वे जांच प्रतिवेदन नगर आयुक्त को सौंपेंगे। दावा के अनुसार तीनों जोन के प्रभारियों ने पूरे नगर क्षेत्र में 70 से 80 प्रतिशत मुख्य नालों की सफाई और उड़ाही का काम पूरा कर लिया है। लेकिन नगर आयुक्त अपने निरीक्षण में नाला सफाई कार्य से संतुष्ट नहीं थे। बैठक में कहा गया कि सफाई अधिदर्शक और जोन प्रभारी जिस नाले की सफाई पूर्ण कर लेने की रिपोर्ट निगम कार्यालय को सौंपेंगे और उक्त नाला सहायक लोक स्वच्छाता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के अधिकारी की जांच में सही नहीं पाया जाता है तो संबंधित वार्ड के सफाई अधिदर्शक और जोन प्रभारी पर कार्रवाई की जायेगी।

सभी क्यूआरटी की मॉनिटरिंग का जिम्मा सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी का होगा। बैठक में सभी 48 वार्डों के सफाई अधिदर्शक, तीनों जोन के प्रभारी, रात्रि सफाई प्रभारी, वाहन सह गोदाम प्रभारी, स्वास्थ्य प्रभारी, कनीय अभियंता, यांत्रिक अभियंता, सहायक नगर अभियंता और सहायक लोक स्वक्षता एवं अवशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी मौजूद थे।

## शहरवासियों की सुविधा के लिए क्विक रिस्पांस टीम का किया गया है गठन

जिन इलाकों में भीषण जलजमाव की समस्या होती है, उन इलाकों के लिए नगर निगम ने क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया है। सभी जोन के लिए तीन टीम बनायी गयी है। एक टीम में 10 सफाईकर्मी होंगे। वे जलजमाव की सूचना पर उक्त स्थल पर पहुंचकर आउटलेट की सफाई कर जलजमाव से निजात दिलाएंगे। जलजमाव से निजात के लिए सम्बंधित वार्ड के सफाई अधिदर्शक को मोबाइल पर कॉल कर क्यूआरटी को बुलाया जा सकता है। सफाई अधिदर्शक सम्बंधित जोन की क्यूआरटी को जलजमाव की सूचना देंगे और कुछ घंटे के अंदर उक्त स्थल के आउटलेट को क्लियर कर जलजमाव से निजात दिलायी जायेगी।

## मोरवा के बीडीओ पर एफआईआर दर्जः पद पर रहते हुए सरकारी योजनाओं में गबन व भ्रष्टाचार का आरोप



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के मोरवा प्रखंड में कार्यरत प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजय सिन्हा पर पद पर रहते हुए सरकारी योजनाओं में राशि गबन और भ्रष्टाचार को लेकर ताजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी कोर्ट के आदेश पर कराई गई है। उनपर नल-जल योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी समेत कर्मचारी आवास योजना के जीर्णोद्धार में धांधली बरतने, सरकारी पद पर रहते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप लगाया गया है। यह प्राथमिकी मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के मोरवा डीह निवासी विजय कुमार झा ने न्यायालय में दायर किया। अभियोग पत्र के आलोक में किया गया है।

### सरकारी राशि का सुनियोजित तरीके से गबन

प्राथमिकी में कहा गया है कि अभियोगी ने 2 जनवरी 23 को मोरवा प्रखंड में कर्मचारी आवास संख्या 8 और 9 के जीर्णोद्धार में धांधली बरती और प्रखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त रहने की शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से शिकायत की गई। लेकिन जांच में कहा गया कि कोई अनियमितता नहीं है। आदेश के खिलाफ अपर समाहर्ता के यहां अपील की गई वहां भी कहा गया कि जीर्णोद्धार कार्य प्राक्लन के अनुरूप किया गया है। फिर डीएम के यहां अपील की गई। जहां पंचायती राज पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण कर निराकरण का आदेश दिया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि सरकारी राशि का सुनियोजित तरीके से गबन किया है। योजना की फाइल से छेड़खानी कर सकते है। आरोपी द्वारा पीड़ित को कई तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रखंड के सारंगपुर में नल जल योजना में गड़बड़ी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दाखिल खारिज, मापीपुस्ट व भौतिक स्थिति की जांच में भिन्नता है। आरोपी सरकारी पद पर रहते हुए अभिलेख से छेड़खानी की।



## पटना में शख्स के ऊपर से गुजर गई पूरी ट्रेन, ट्रैक पर पेट के बल लेटा था

### तभी आ गई वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस

**पटना, एजेंसी।** पटना जंक्शन पर शुक्रवार को एक व्यक्ति के ऊपर से पूरी ट्रेन गुजर गई, लेकिन उसे खरोंच तक नहीं आई। दरअसल, 12741 वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस करीब 11 बजे पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची थी। यात्रियों के उतरने के बाद यह ट्रेन यार्ड में जा रही थी। इसके पहले ही एक व्यक्ति ट्रैक पर जाकर पेट के बल लेट गया। उसके पास गमछा था। सिर को उठाए और बदन को सिकुड़ा कर वह लेटा रहा। वहां मौजूद यात्री उसे बार-बार कह रहे थे-किसी हाल में नहीं उठना है। जिस तरह से लेटे हो, उसी तरह से रहना। मौत के मुंह में समाने का डर भी उसे सता रहा था। वह हल्का सिर उठाकर ट्रेन की हर बोगी को देख रहा था। जब ट्रेन गुजर गई तो लोगों ने उसे ट्रैक से प्लेटफॉर्म पर लाया। वह मानसिक बीमार है। शख्स बाहर निकला तो लोगों ने उससे नाम पूछा वो अपना नाम भी नहीं बता पा रहा था। बाद में इसकी सूचना रेल प्रशासन को दी गई। इसी बीच वह पटना जंक्शन से चला गया। पटना जंक्शन जीआरपी थानेदार पंकज कुमार को इस घटना की भनक तक नहीं लगी। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। जीआरपी के किसी पुलिसकर्मी ने यह सूचना नहीं दी। हालांकि दानापुर रेल मंडल के सीनियर कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह बात सही है कि उस मानसिक बीमार व्यक्ति के ऊपर से यार्ड में जाते समय वास्कोडीगामा एक्सप्रेस गुजर गई। वह व्यक्ति खुद ही ट्रैक पर जाकर लेट गया था। उसकी पहचान नहीं हो सकी।

## स्नातक में डेढ़ लाख छात्रों ने किया आवेदन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीआरएबीयू में स्नातक में दाखिले के लिए शुक्रवार तक डेढ लाख आवेदन आ चुके हैं। विवि प्रशासन का कहना है कि अबतक यह सबसे अधिक आवेदन आया है। बिहार विवि में 31 मई तक स्नातक में आवेदन कर सकते हैं। विवि प्रशासन ने दावा किया कि दरभंगा से भी विद्यार्थी बीआरएबीयू में दाखिले के लिए आवेदन कर रहे हैं। दरभंगा में संस्कृत विवि का सत्र देर होने से कई छात्र बीआरएबीयू की तरफ रुख कर रहे हैं। अबतक दरभंगा के लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है।

# पताही के मंदिर में 41 दिनों में 6 मूर्तियां चोरी, चोरों ने पांच बार घटना को दिया अंजाम

**मोतिहारी, एजेंसी।** पताही थाना क्षेत्र के मंदिरों में अब भगवान भी सुरक्षित नहीं है। चोरों की नजर मंदिरों में अष्टधातु के कीमती मूर्तियों पर है। पिछले 41 दिनों के अंदर अलग-अलग मंदिरों से भगवान राम-सीता सहित विभिन्न देवीदेवताओं की छह मूर्तियां चोरी हो चुकी है। इस दौरान पिछले महीना अप्रैल से लेकरअभी तक मंदिर से मूर्ति चोरी की पांचघ टनाएं हुई हैं, जिसमें प्राथमिकी दर्ज होनेके बावजूद, पुलिस एक भी घटना काखुलासा नहीं किया और अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। मूर्ति चोरी कीघटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति असंतोष बढ़ने लगी है।

पिछले महीनाबोकाने कला गांव के सैकड़ों वर्ष पुरानीराम जानकी मंदिर से 13 अप्रैल को चोरोंने लड्डू गोपाल के धातु की दो मूर्ति चोरीकर लिया। उसके बाद 9 मई के रात बखरीगांव में नागेश्वर बाबा के राम जानकी मंदिरसे अष्टधातु से निर्मित मां सीता के मूर्ति चोरी हो गई। उसके एक दिन बाद 10 मई की रात नोनफरवा गांव के ब्रह्म स्थान के पास राम जानकी मंदिर से चोरों ने यहां भी सीता जी के मूर्ति को चुरा लिया। चौथी घटना 20 मई को जिहुली गांव के वार्ड दसके राधा कृष्ण बड़का मठ से चोरों ने सैकड़ों वर्ष पुरानी अष्टधातु के वजनदारभगवान कृष्ण के मूर्ति



चुरा ली। इस घटना के एक रोज बाद 21 मई को फिर से चोरों ने नोनफरवा गांव के वार्ड छह मेंलक्ष्मी नारायण प्रसाद के राम जानकी मंदिर से भगवान लक्ष्मण एवं मां सीता केअष्टधातु के मूर्ति को चुरा ली।



# जमुई में पंचायती राज पदाधिकारी की सरेआम पिटाई

### ड्राइवर को भी मारा : सामने आया वीडियो, चेहरे पर गमछा बांधे बदमाशों ने की मारपीट

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा और उनके ड्राइवर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए है। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार की दोपहर का है। पदाधिकारी और उनके ड्राइवर के साथ 7 से 8 हथियारबंद बदमाशों ने बीच सड़क पर मारपीट की। इस दौरान दोनों को दौड़ा-दौड़ाकर पिटा गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पंचायती राज पदाधिकारी के साथ मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सभी बदमाश चेहरे पर गमछा बांधे हुए है। सभी अपने हाथों में लाठी-डंडा लिए हुए है और हथियार से लैस है। पदाधिकारी को बीच सड़क पर खींचते हुए खेत की ओर ले जाया गया और मारपीट की गई। मारपीट की इस घटना में में सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा और उनके चालक धर्मेंद्र कुमार मांगो बंदर निवासी का हाथ और पैर टूट गया है।

## पदाधिकारी की हालत गंभीर

जानकारी के बाद सोनो थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पंचायती राज पदाधिकारी व उनके चालक को इलाज के लिए सोनो अस्पताल लाया गया था। जहां दोनों की हालत गंभीर को देखते चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। अब तक पंचायती राज पदाधिकारी पर हमला करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

### अपराधियों की पहचान करने में जुटी पुलिस

बताया जाता है कि जिस जगह घटना हुई है, वह खैरा थाना क्षेत्र के केंदुआ का इलाका है। हालांकि, मामले की जानकारी के बाद खैरा व सोनो थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं, थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने बताया कि सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा सरकारी कार्य को लेकर जमुई जा रहे थे। तभी खैरा थाना क्षेत्र के केंदुआ के पास पहले से घात लगाए नकाबपोश अपराधियों ने हमला कर दिया। एक वीडियो मिला है, जिसके जरिए अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है, पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

चाण्क्य भूमि मझौलिया

चाक चौबंद व्यवस्था के बीच प० चम्पारण के छह विधान सभा क्षेत्रों में शनिवार की सुबह सात बजे से ही शांतिपूर्ण मतदान शुरू हो गया।ईवीएम में तकनीकी खराबी को लेकर मैनाटांड़ के बूथ नंबर 95 पर एक घंटे विलंब से मतदान शुरू हुआ।सिकटा विधान सभा के बूथ नंबर 142 पर सुबह 08 बजे तक ईवीएम की खराबी से मतदान शुरू नही हुआ।पीठासीन पदाधिकारी ने कंट्रोल रूम को खबर की है।इसके अलावे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बूथ नंबर 203 पर लोगों ने स्थानीय मुद्दों को लेकर वोट का वहिष्कार किया है।यहां मतदान केंद्र सुना पड़ा है।बता दे कि प० चम्पारण लोक सभा क्षेत्र 02 के छह विधान सभा नौतन,चनपटिया,बेतिया,रक्सौल,सुगौली तथा नरकटिया में पूरे उत्साह के साथ लोग मतदान कर रहे है।हालांकि सुबह से ही आज प्रचंड गर्मी है।वावजूद इसके मतदाता केंद्रों पर लंबी कतार में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे है।छह विधान सभा क्षेत्रों में कुल 17 लाख 54 हजार 210 मतदाता वोट किया।सबसे अधिक उत्साह बीआरसी मझौलिया के केंद्र संख्या 291 और 292 पर देखने को मिला।यहां सुबह 6.30 बजे से ही मतदान के लिए महिला व पुरुष मतदाताओं की भीड़ जुटी।वार्ड 12 भानाचक के युवक संदीप कुमार पहली बार मतदान किया।जो काफी उत्साहित है।उन्होंने बताया कि वे विकास के मुद्दों पर अपना मतदान करेंगे।मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रवंध किये गये है।बेतिया के डीएम सह जिला निर्वाची पदाधिकारीऔर पुलिस कप्तान और उनकी टीम अलग अलग क्षेत्रो में मतदान केंद्रों की निगरानी करते रहे।शांति पूर्ण व्यवस्था के बीच प० चम्पारण में मतदान सम्पन्न हुआ ।



- दिन भर डीएम और एसपी करते रहे है बूथों का निरीक्षण, ईवीएम की खराबी से महोदीपुर में 03 घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान। तेज धूप पर भारी पड़ रहा मतदाताओं का उत्साह

## दियारा में घुड़सवार पुलिस कि तैनाती से निर्भीक्ष होकर मतदाताओं ने डाला वोट



चाणक्य भूमी बैरिया

**बैरिया** प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान में दियारा क्षेत्र में भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैरिया के दियारा के आठ बूथों पर पैरामीलीट्री फोर्स की तैनात किया गया है। पुलिस की चौकसी के बीच मतदाताओं ने अपने पक्ष वाले प्रत्याशियों के समर्थन में वोट डाला संवेदनशील और अति संवेदनशील बुथो पर पुलिस जवानों की मुस्तैदी रही। चुनाव को शांति माहौल में संपन्न कराया गया। तो इधर दियारा के बुथो पर घुड़सवार पुलिस की तैनाती की गई थी। प्रखंड प्रशासन कर्मजीत राम, सीओ बिकेश पन्डे और बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं श्रीनगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार की अहम भूमिका रही। चिल चिल्लाती धूप में मतदाताओं में मतदान के प्रति जुनून कम नहीं दिखाई दिया। कडी धूप में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया पूरे मतदान की प्रक्रिया में शहर से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मतदान किया

## बेहुरिया में मतदान बहिष्कार किया गया समझाने पर दो घण्टे बाद शुरू हुआ मतदान

चाण्क्य भूमि नानोसती

अवहर कुड़िया पंचायत के बूथ संख्या 227 और 228 पर बेहवरिया गावं के मतदाताओं ने दो घण्टे तक वोट को बाधित किया। सूचना मिलते हीं प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी वरुण केतन और अंचलाधिकारी राजीव रंजन बीपीआरओ रंजन कुमार सिंह,इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने मतदान केंद्र पर पहुंच कर लोगों को समझाया बुझाया। तब जाकर मतदान शुरू किया गया। इस दौरान दो घंटे तक मतदान बाधित रहा।बीडीओ वरुण केतन ने बताया कि बेहवरिया के एक वार्ड में सड़क जर्जर हो गया है, ग्रामीण लोग सड़क नहीं बनने को लेकर आक्रोशित थे।बीडीओ के मुताबिक शांतिपूर्ण तरीके से यहां मतदान जारी है।



- बेहुरिया में सड़क नहीं बनने को लेकर आक्रोशित लोगों ने मतदान का किया बहिष्कार बाद में सूचना पर पहुँचे बीडीओ, सीओ और इंस्पेक्टर के समझाने बुझाने पर शुरू हुआ मतदान







## मतदान के महापर्व में शामिल हो महापौर ने किया मतदान

चाणक्य भूमि बेतिया

नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने अपने नगर पार्षद पति रोहित सिकारिया और अन्य परिजनों के साथ शुक्रवार को मतदान किया। नगर के लाल बाजार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 1 पर मतदान किया। इस मौके पर मिले मीडिया कर्मियों से बात चीत में महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव का मतदान महापर्व शनिवार को पूरे पश्चिम चंपारण में मनाया जा रहा है। इसको लेकर चाक चौबंद प्रशासनिक तैयारी के लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि इसको सफल बनाने में हर एक महिला पुरुष नागरिक मतदाताओं को अपनी अपनी भागीदारी निभानी है। तभी अपना लोकतंत्र और सशक्त बन सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रात जानकारी के अनुसार मतदान के लिए निर्धारित समय सीमा का करीब आधा बीत जाने के बावजूद औसतन 30 से 35 फीसदी वोटरों के ही मतदान के लिए निकलने की खबर मिलना हमारी चिंता बढ़ाने वाली बात है। इसको लेकर आप सब मीडिया और सोशल मीडिया के पत्रकार बंधुओं के माध्यम से मैं अपील करना चाहूंगी कि लोग अपने अपने घरों से जरूर निकलें और अवश्य मतदान करें।



- मतदान करते के बाद महापौर ने कहा कि सभी भारतीय मतदान करे और लोकतंत्र को करें मजबूत। मौक़े पर निगम महापौर ने अपने पार्षद पति और अन्य परिजनों के साथ लाल बाजार के बूथ पर किया मतदान

# मैनाटांड़ के बौध बरवा गाँव में लोगों ने वोट का किया बहिष्कार रोड नही तो वोट नही

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**मैनाटांड़**। प्रखंड क्षेत्र के बौध बरवा गाँव में लोक सभा 2024 चुनाव के तहत 25 मई हो रहे छठे चरण के चुनाव में बूथ संख्या 74 पर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार का निर्णय लेते हुए मतदान देने साफ इनकार कर दिया। ग्रामीण वासियों का कहना है। की रोड नही तो वोट नही ईस बात की सूचना अला अधिकारिओ को लगी मौके पर पहुँचे नरकटियागंज के डी सीएल आर मैनाटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार,अंचल अधिकारी कुमार आशीष पुलिस निरीक्षक सरफराज अहमद, मैनाटांड़ थाना अध्यक्ष मंटू कुमार एवं अन्य अधिकारी के द्वारा पहुँच कर वोटरो को काफी समझाने का प्रयास किया गया।अधिकारीयों के द्वारा बताया की ईस सड़क के निर्माण के लिए 2023 में टेंडर पास करा दिया गया है। लाख समझाने के बावजूद ग्रामीणों ने किसी अधिकारी के एक न नही सुनी। बौध बरवा गाँव के ग्रामीणों ने साफ तौर पे ऐलान करते हुए कहा की रोड नही तो वोट नही। ग्रामीणों का कहना है की नेता वोट मांगने आते है जीत जाने के बाद फिर वापस गाँव में नही आते हैं। जन प्रतिनिधि को वोट देकर जिताया गया। वह कभी लौट कर वापस सड़क बनाने नही आया। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण नही कराया गया है । सड़क नही होने के के कारण लोगों को बरसात के दिनों में आने जाने में काफी परेशानी होती हैं। ईस कारण बच्चो की पढाई भी बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है की इस गाँव के कोई भी व्यक्ति वोट देने नही जायेगा। वोट का बहिष्कार करने से प्रशासन और नेताओ तक पहुँचाया जायेगा ताकि ईस समस्या का समाधान हो सके ।







### मझौलिया में दिब्यांग युवक ट्राई स्कूटर से पहुंच किया मतदान

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**। लालसरैया का दिव्यांग युवक विनय कुमार चौबे लालसरैया के प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला बूथ नंबर 240 पर अपने ट्राई स्कूटर पहुंचकर मतदान किया।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया से प्रभावित होकर विकास के मुद्दों पर वोट किया। बताते चले कि विनय मझौलिया ब्लॉक में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत है तथा दिव्यांग संघ के जिला सचिव है।

### संजय जायसवाल के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

चाणक्य भूमि बेतिया

दंडाधिकारी कुमार राघवेंद्र राघवन के आवेदन पर भाजपा प्रत्याशी डॉ.संजय जायसवाल के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गई है।यह प्राथमिकी कांग्रेस के शिकायत पत्र के आलोक में की गई है। भाजपा प्रत्याशी द्वारा 23 मई को चुनाव प्रचार बंद हो जाने के बाद भी मतदाताओं के बीच अपनी पार्टी का बैनर लगाते हुए प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### बुढ़ी गंडक नदी में नहाने गया एक 22 वर्ष से युवक हुआ लापता

चाण्क्य भूमि

**पकड़ीदयाल** थाना क्षेत्र के सिरहा पंचायत इटवा गांव वार्ड नंबर 7 कृषनंदन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता रामाधार पासवान शनिवार के दिन अधिक गर्मी होने के कारण इटवा बुढ़ी गंडक नदी घाट पर स्नान करने चला गया गहरे पानी में जाने से वह लापता हो गया इसकी जानकारी देते हुए डॉक्टर राकेश पासवान ने बताया कि कृष्णनंदन कुमार नदी के किनारे कपड़ा रखकर नदी में स्नान करने गया था जो गहरे पानी में जाने से वह लापता हो गया वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची लेकिन एनडीआरएफ की टीम नहीं आने के कारण पुलिस वापस चली गई और गांव के ही मछुआरे के द्वारा खोजबीन किया गया कहीं आता पता नहीं चला लापता के परिजन का रो रो कर है बुरा हाल


## अहवर में अगलगी में झोपड़ी समेत 25 हजार नगद जले

चाण्क्य भूमि नानोसती

अहवर पंचयात में वोट देने गये महिला दंपती का जंगिरहा स्थित वार्ड 2 में अवस्थित फुस का घर बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जलकर नष्ट हो गया। बताया गया कि की हसनैन अंसारी और उनकी बेगम साहिबा वोट देने गई थी।अगलगी की सूचना पर घर पहुंचे तो देखा कि सबकुछ जलकर नष्ट हो गया।घर मे रखे 15 हजार रुपये भी आग की भेंट चढ़ गया।मामले की जानकारी सीओ मझौलिया को स्थानीय प्रत्तिनिधि ने दे दी है।ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।






## मतदाताओं ने चदर व गमछा को बनाया समियाना, किया मतदान

चाणक्य भूमी बैरिया

पश्चिमी चंपारण जिला में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया शनिवार के सुबह से शुरू हुआ शाम तक बैरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलुवा रामपुरवा विद्यालय में समियाना की व्यवस्था नहीं हुई, मतदाताओं ने बताया की कड़ी धूप में मतदान कर रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा समियाना और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं किया गया। अगर इस गर्मी में किसी भी मतदाता की तबीयत बिगड़ जाए तो आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा। आपको बता दे कि पश्चिमी चंपारण जिला के बेतिया लोकसभा से कुल आठ प्रत्याशी के लिए मतदान हो रहा है। मतदान के प्रति वोटरों में जागरूकता दिखी तो इधर प्रशासन के द्वारा समियाना की व्यवस्था नहीं की गई। जिससे भरी धूप में महिला व पुरुषों के द्वारा लाइन में खड़ा होकर मतदान दिया। मजबूरन मतदाताओं ने चादर व अपने गमछा को हुई समियाना बना लिया।



### लोकसभा चुनाव मे पद्मश्री भागीरथी देवी ने किया अपने मत का प्रयोग

चाण्क्य भूमि

**गौनाहा**। रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने शनिवार को नरकटियागंज जानकी संस्कृत उपशास्त्री महाविद्यालय नरकटियागंज में अपना मत दिया। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के प्रिय उम्मीदवार को अपना मत देकर उन्होंने गौरव महसूस करते हुए कहा कि अब वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र देश का पहला संसदीय क्षेत्र है। यह भूमि वाल्मीकि, महात्मा बुद्ध, महात्मा गांधी, पंडित राजकुमार शुक्ल, संत राउत आदि की कर्म भूमि व तपोभूमि है। भारत नेपाल सीमा से सटे संसदीय क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714